## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः—एफ.2(ग)(1)अलेसे—I/ 7471 से 7479 दिनांकः— 22/12/2014

**आदेश संख्या 114/14—15**

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 29 के उप नियम (2)के अन्तर्गत लेखाकार से सहायक लेखाधिकारी पद पर पदौन्नति हेतु वर्ष 2014—15 के लिए गठित विभागीय पदौन्नति समिति की बैठक में श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव लेखाकार (जन्म तिथि 01.06.57) (लिंक नम्बर 575) के विरूद्ध जिला आबकारी अधिकारी कोटा से प्राप्त आरोप पत्र विचाराधीन होने के कारण वर्ष 2014—15 की रिक्तियों के विरूद्ध सहायक लेखाधिकारी के पद पर चयन करते हुए, इनके चयन के नतीजे को बन्द लिफाफे में रखा गया था। उक्त जांच जिला आबकारी अधिकारी कोटा में कार्यरत अन्य समान नाम के लेखाकार श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव (मेरिट नम्बर 397/86) जन्म दिनांक 15.7.61 कार्यरत थे के विरूद्ध थी, जो सहवन से श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव (मेरिट नम्बर 697/83) की पत्रावली में लगा दी गई थी।

श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव (जन्म तिथि 01.06.57) (लिंक नम्बर 575) के विरूद्ध कोई जांच बकाया नही थी। अतः श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव के बन्द लिफाफे में रखे गये सहायक लेखाधिकारी के पद पर चयन के नतीजे को खोलकर उक्त विभागीय पदौन्नति समिति की सिफारिश के आधार पर इन्हे 2014—15 के रिक्त पद के विरूद्ध सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—प्रथम पद की वेतन श्रृंखला (9300—34800, ग्रेड पे—4800) में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है।

श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव की वरिष्ठता वर्ष 2014—15 में चयनित सहायक लेखाधिकारी की सूची में श्री हरिपाल सिंह सोलंकी (क्र.स. 346) एवं श्री अशोक कुमार शर्मा (क्र.स. 348) के मध्य (क्र.स. 347) पर रहेगी। श्री अनिल कुमार सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—द्वितीय के, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—प्रथम के पद पर पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किये जा रहे है।

(भास्कर शर्मा)
निदेशक

क्रमांकः—एफ.2(ग)(1)अलेसे—I/ 7471—7479 दिनांकः— 22/12/2014

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज. जयपुर
2. सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग,राज. अजमेर
3. सचिव राजस्थान विधानसभा जयपुर
4. श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—प्रथम कार्यालय सचिव राज. विधानसभा जयपुर
5. वरिष्ठ निजी सहायक, निदेशक महोदय
6. उप निदेशक (एसीपी)को वेबसाइट पर अपलोड एवं पीआईएस में इन्द्राज हेतु
7. अलेसे—II/डीपीसी शाखा/ए.सी.आर. शाखा/गार्ड फाईल/ निजी पत्रावली

(के.एम. मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—I)